कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक हनुमानगढ़

कार्यालय पता– पुरानी जिला कचहड़ी परिसर, महिला थाने के पीछे, हनुमानगढ़ जंक्शन ई–मेल पता– **deo_han@yahoo.in**

प्रेषिति–

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,
जिला हनुमानगढ़।

विषय– तृतीय श्रेणी अध्यापकों की दिनांक 01.04.2020 से 31.03.2025 तक की स्थिति में कार्यरत अध्यापकों की जिला स्तरीय अस्थाई वरिष्ठता सूची के प्रकाशन के सन्दर्भ में।

प्रसंग– श्रीमान संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बीकानेर संभाग बीकानेर के राजकाज पत्रांक–19754099 दिनांक 06.01.2026 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक पत्रांक द्वारा श्रीमान संयुक्त निदेशक के निर्देशानुसार दिनांक– 01.04.2020 से 31.03.2025 तक कार्यरत तृतीय श्रेणी अध्यापकों की जिला स्तरीय अस्थाई वरिष्ठता सूची प्रकाशित की जाकर समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों (जिला हनुमानगढ़) को निर्देशित किया जाता है कि उक्त सूची में अंकित कार्मिकों के किसी भी प्रकार का कोई संशोधन (यथा नाम, एम्प्लोई आई.डी. जन्मतिथि, जातिवर्ग, पदस्थापन स्थान, बैचमार्क दिव्यांगता की प्रविष्टि एवं पद पर कार्यग्रहण तिथि एवं नामांकन से वंचित, योग्यता अभिवृद्धि, विलोपन इत्यादि) अपेक्षित हो तो इस संदर्भ में संबंधितों के दावे/आपत्तियों को **दिनांक 17.02.2026** तक पीईईओ/ यूसीईईओ के माध्यम से साक्ष्य/ दस्तावेजों की जांच करते हुए समेकित किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही सूची में नामांकन से वंचित ऐसे कार्मिक जो किसी अन्य संभाग/ जिले में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है तथा ऐसे कार्मिक जो अन्य जिले से स्थानांतरित होकर इस जिले में कार्यरत हैं तो उनकी सूचना भी **(प्रपत्र 06 संलग्न करते हुए)** निर्धारित तिथि तक आपके कार्यालय स्तर पर संधारित किया जाकर इस कार्यालय को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त वरिष्ठता सूची का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रस्तावों/आपतियों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

(च्यानण मल भार्गव)
जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय प्रारम्भिक हनुमानगढ़
दिनांक– यथा ई–हस्ताक्षर

क्रमांक– जिशिअ/मु. प्रा./हनु./संस्था/वरि. गेड–III/ 2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ/ पालनार्थ प्रेषित है–

1. श्रीमान संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग,बीकानेर।
2. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जिला हनुमानगढ़ को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आपके कार्यालय स्तर पर प्राप्त दावे/ आपतियों की समेकित सूचना जरिए वाहक दिनांक– 18.02.2026 को इस कार्यालय में भिजवाकर संबंधित संशोधन/ समाधान करवाया जाना सुनिश्चित करें।
3. संबंधित पीईईओ/ यूसीईईओ को प्रेषित कर लेख है कि आपके कार्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को उक्तानुसार सूची से तामिल करवाया जाना सुनिश्चित करें।
4. कार्यालय प्रति।

क्रमांक– 1394 दिनांक 12/02/2026
समस्त PEEO/UCEEO पीलीबंगा को भेजकर लेख है कि उक्तानुसार अस्थाई वरिष्ठता सूची में किसी भी प्रकार का संशोधन अपेक्षित हो तो दिनांक 16/02/2026 तक आपत्तियां इस कार्यालय में जमा करावें।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
पीलीबंगा (हनुमानगढ़)

Signature Not Verified
Digitally signed by Chyanan Mal Bhargava
Designation : District Education Officer
Date: 2026.02.11 18:53:23 IST
Reason: Approved

Scanned with OKEN Scanner